संक्षिप्त समाचार

## वीटीआर में एक और मेहमान गैंडे का हुआ आगमन

**चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर**। वीटीआर के भेड़िहारी जंगल में इन दिनों नेपाल के चितवन राष्ट्रीय निकुंज से आए एक नये मेहमान गेंडे का लगातार विचरण जारी है। जिसकी मॉनिटरिंग लगातार वनकर्मियो के द्वारा की जा रही है। बताते चलें कि फिलहाल वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में एक नर मेहमान गैंडा पहले से मौजूद है। जिसके देख रेख में वन प्रशासन लगा हुआ है। हालांकि एहतियातन दूसरे मेहमान गैंडे की भी मॉनिटरिंग लगातार वन प्रशासन के द्वारा की जा रही है। जबकि पहला गैंडा स्वच्छंद रूप से वीटीआर में भ्रमण कर रहा है। इस बाबत वाल्मीकि नगर रेंजर राजकुमार पासवान ने बताया कि एक गैंडा भेड़िहारी जंगल में अपना डेरा जमाया है। जो नया मेहमान हो सकता है। पड़ोसी देश नेपाल के चितवन राष्ट्रीय निकुंज से वीटीआर की खुली सीमा का लाभ लेकर आया कोई मेहमान गैंडा भी हो सकता है। वन कर्मियों की टीम गैंडे की मॉनिटरिंग कर रही है। फिलहाल वन कर्मियों की टीम पूरी सतर्कता के साथ मॉनिटरिंग कर रही है।

**नेपाल से आते हैं गैंडे**–वीटीआर में गैंडा नहीं पाए जाते हैं। अब तक जितने भी गैंडा देखा गया है वह नेपाल के चितवन से आए हुए हैं। हालांकि पहले आए गैंडे को रेस्क्यू करके चितवन को दे दिया जाता था। लेकिन नियम के अनुसार जो वन्यजीव यहां आएगा उस क्षेत्र के अधिकारियों को उसकी देख-रेख की ज़िम्मेवारी होगी। वाल्मीकि टाइगर रिजर्व में पहले से एक गैंडा मौजूद है, वह भी नेपाल से आया हैं। फिलहाल वीटीआर में गैंडो की संख्या दो हो गई है। जिनके देखरेख में वन कर्मियों को लगाया गया है।

## अजगर ने किया बकरी का शिकार

**चाणक्य भूमि, वाल्मीकिनगर**। वाल्मीकिनगर उपरी शिविर कालोनी में एक विशालकाय अजगर ने एक बकरी को मार डाला। शंकर प्रसाद के घर के पीछे निकले विशालकाय अजगर पर जैसे ही लोगों की नजर पड़ी तो गांव में हड़कंप मच गया। बकरी का शिकार करने के बाद अजगर इस कदर गुस्से में था कि किसी भी कीमत पर अपने शिकार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं था। घर के अहाते चरते समय झाड़ी में बैठे एक बड़े से अजगर के पास जैसे ही बकरी पहुंची अजगर बकरी की गर्दन में लिपट गया। बकरी के चिल्लाने पर जब तक पशुपालक संजय कुमार वहां पहुंचता अजगर की मजबूत गिरफ्त में बकरी की दम घुटकर मौत हो चुकी थी।

## चित्रांश परिवार ने धूमधाम से मनाया जे पी की जयंती

**मोतिहारी**। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के 122 वी जन्मजयंती के अवसर पर आज मोतिहारी चित्रांश परिवार ने एक भव्य समारोह का आयोजन किया ,जयप्रकाश बाबू के प्रतिमा पर आईएमए अध्यक्ष डॉक्टर आशुतोष शरण ने माल्यार्पण किया और सैकड़ों अनुवायियो ने गगनभेदी नारा बुलंद करते हुए जयप्रकाश बाबू को याद किया ,डॉक्टर आशुतोष शरण ने जयप्रकाश बाबू के जीवन और सम्पूर्ण क्रांति के विषय में बोलते हुए कहा की जब इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाया था तो उस समय लाखो सेनानियों को जेल में कैद किया गया था और फिर उसके बाद जयप्रकाश बाबू के अहवाह्न पर पूरा देश एकत्रित हुआ था और इमरजेंसी हटानी पड़ी थी पर जयप्रकाश नारायण के व्यवस्था परिवर्तन का वह सपना आज भी अधूरा है जिसे समाज के हर वर्ग के लोगो को पूरा करने की जिम्मेवारी उठानी पड़ेगी ,जयप्रकाश सेनानी प्रोफेसर विनय कुमार वर्मा ने उन दिनो की घटना पर प्रकाश डाला वही सेनानी राय सुंदर देव शर्मा ने कहा की आज भी देश में व्यवस्था परिवर्तन जरूरी है तभी सम्पूर्ण क्रांति का सपना पूरा होगा , नगर विधायक प्रमोद कुमार ने कहा की आज विजयादशमी के दिन माता ने भी आशुरी शक्ति के खिलाफ एक क्रांति की थी और उनका सर्वनाश किया था ठीक उसी तरह जयप्रकाश बाबू भी सम्पूर्ण क्रांति के माध्यम से देश में परिवर्तन लाना चाहते थे जो शायद पूरा ना हो सका। आयोजित सम्मान समारोह में जेपी सेनानियों को मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में नगर बीजेपी विधायक प्रमोद कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम का संचालन अनिल वर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान अन्य वक्ताओं में नगर विधायक प्रमोद कुमार, रामाकांत प्रसाद (एएसपी, एसटीएफ, पटना), भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश अष्ठाना, राय सुंदरदेव शर्मा, पूर्व प्राचार्य विनय वर्मा, अरुण सिन्हा,अजय आजाद कार्यक्रम के संयोजक गुड्डू श्रीवास्तव, चित्रगुप्त महापरिवार और मंटू वर्मा सह-संयोजक ने भी अपने विचार साझा किए।उक्त जानकारी डा० निखिल शरण ने दी।

## सड़क के किनारे मिला महिला का खून से लथपथ शव

### शव को कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुटी पुलिस

**चाणक्य भूमि बगहा**। धनहा थाना क्षेत्र से जहा थाना क्षेत्र के कठार गांव से जाने वाली सड़क धवहिया और तुनिहवा के बीच सड़क के किनारे एक महिला की हत्या कर शव को फेकने की सूचना धनहा थाना की पुलिस को मिली, घटना की सूचना मिलते ही धनहा थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार भारती दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुँचे, पुलिस ने खून से लतपत महिला को उठाकर मधुबनी पीएचसी लेकर पहुँचे जहाँ डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया, पुलिस ने शव को आपने कब्जे में लेकर घटना की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के मुताबिक धनहा थाना क्षेत्र के कठार पंचायत के कठार निवासी अमित पटेल उत्तरप्रदेश के रमकोला थाना क्षेत्र के नवगांवा अपने ससुराल से अपनी पत्नी व दो बच्चों को लेकर आज ही अपने घर कठार आया था। लेकिन गांव से कुछ ही दूरी पर महिला का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी का माहौल कायम हो गया है। वही पति अमित पटेल को पुलिस ने किया गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही है।

## बेरोजगरी और नशा मुक्ति को लेकर युवा कांग्रेस ने सरकार के घेराव का लिया निर्णय

### » राजधानी दिल्ली में आगामी 16 अक्टूबर को हल्ला बोल कार्यक्रम

**चाणक्य भूमि, मोतिहारी**। बढ़ते बेरोजगरी और नशा मुक्ति को लेकर युवा कांग्रेस ने केंद्र सरकार को घेरने का निर्णय लिया है ।इसी को लेकर पार्टी के शीर्ष नेतत्व में बैठे युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब ने देश की राजधानी दिल्ली में आगामी 16 अक्टूबर को हल्ला बोल कार्यक्रम करने का आह्वान किया है जिसको लेकर मोतिहारी में भी पार्टी के युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित किया । वही पत्रकारों को संबोधित करते हुए युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष बिट्टू यादव ने कहा कि केंद्र सरकार युवाओं को बेरोजगार बना रही है जिस कारण देश में नशा का कारोबार बढ़ रहा है इस लिए कांग्रेस पार्टी का सरकार से मांग है कि नौकरी दो विनाश नहीं, इसी मांग को लेकर युवा कांग्रेस दिल्ली में आगामी 16 अक्टूबर को सरकार के खिलाफ हल्ला बोलेगी जिसमे इस जिले से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे,वही जिले के कांग्रेस आश्रम बंजरिया पंडाल में आयोजित इस पत्रकार वार्ता में पार्टी के जिलाध्यक्ष शशिभूषण राय उर्फ़ गप्पू राय , पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेंद्र शुक्ला, एनएसयूआई अध्यक्ष आशीष कुमार युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव प्रीतम अग्रवाल,भैरोलाल कुमार, मोहम्मद इकराम,अमन सिन्हा,विवेक नंदन,चंदन कुमार दीपू यादव, रंजन शर्मा उपस्थित थे।

# पारस पकड़ी में महिला की चाकू मार हत्या

चाणक्य भूमि, मझौलिया

**» पति समेत चार लोग नामजद**

**मझौलिया**।पारस पकड़ी में देवर ने अपनी भाभी अंगूरी देवी 23 वर्ष को चाकू मारकर घायल किया।जिसका ईलाज के दौरान जीएमसीएच बेतिया में मौत हो गयी।मृत महिला को दो अबोध बच्चे हैं।घटना के बाद देवर अपने अपराधी साथियों के साथ फरार होने में सफल रहा।

मृतक महिला सिकटा थाना क्षेत्र के झुमका गांव निवासी जाहिद आलम की 23 वर्षीय पत्नी अंगूरी खातून थी। मृत महिला की माता ने इस बाबत मझौलिया थाना में एफआईआर किया है।उल्लेखनीय है कि अंगूरी खातून की शादी पांच वर्ष पूर्व सिकटा थाना क्षेत्र के झुमका गांव निवासी जाहिद आलम से हुई थी।मृतका के ससुराल वाले दहेज के लिए हमेशा प्रताड़ित किया करते थे।जिसे तंग आकर अंगुरी ने पूरे परिवार पर सिकटा थाना में कांड संख्या 95/24 दहेज उत्पीड़न की एफआईआर दर्ज कराई है।केस दर्ज होने पर अंगूरी अपने तीन वर्ष की बेटी एवं डेढ़ वर्ष के लड़का को लेकर अपने मायका पारस पकड़ी चली आई थी और वही पर रहने लगी। मृतका की पति विदेश में रहकर काम करता है। घटना के दिन पति जाहिद ने अंगुरी को फोन किया और बोला मेरा भाई नाजिद तुम्हारे यहां जा रहा है बच्चों को मेला दिखा देगा और तुम्हें भी कुछ पैसे दे देगा।उसके बाद मैं घर आऊंगा तो तुम्हें अपने घर लेकर आ जाऊंगा।मृत महिला का मायके का पूरा परिवार रात में खाना खाकर सो रहे थे। रात्रि करीब 12 बजे अंगुरी खातून का देवर शेख नाजिद बाइक पर दो अन्य लोगो के साथ पहुचां तथा दरवाजा खटखटाया। दरवाजा खटखटाने की आवाज सुनकर अंगुरी खातून बोली की कौन है तो उसने अपना नाम शेख नाजिद बताया और कहा हमलोगो मेला जा रहे है कुछ पैसा है रख लिजिए, जैसे ही दरवाजे खोली तो उसका देवर शेख नाजिद व अन्य सहयोगी अंगुरी को छुड़ा मारकर खुन से लथपथ कर दिए।आरोपियों को लगा की वह मौत के मुंह मे समा गई तो उक्त तीनों बाइक पर सवार होकर फरार हो गए।अंगुरी की चिखने चिल्लाने की आवाज सुनकर परिजन और अलग बगल के लोग दौड़कर आए तो देखे की अंगुरी को छुड़ा लगा हुआ है,और वह खून से लथपथ है।तब उसे आनन फानन में इलाज के लिए दोपहर में मौत हो गयी।

# नगर निगम में करोड़ों के भ्रष्टाचार मामले में प्रधानमंत्री सचिवालय ने लिया संज्ञान

चाणक्य भूमि बेतिया



**» महापौर ने कहा कि जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर से कार्रवाई शुरू होने के बाद मुझे भी न्याय की उम्मीद जगी है**

महापौर गरिमा देवी ने बताया कि नगर निगम करोड़ों के भ्रष्टाचार के मामले में अब माननीय प्रधानमंत्री सचिवालय ने संज्ञान लेते हुए जिला प्रशासन को कार्रवाई का निर्देश दिया है। नगर आयुक्त शंभू कुमार के प्रशासक काल में की गई खरीदारी और वर्तमान में स्पैरो एजेंसी और निगम में तेल की चोरी और अन्य शिकायतें करने वाले शिकायतकर्ता नगर पार्षदगण के वार्ड क्षेत्र का विकास अवरूद्ध कर देने और आरोप वापस लेने के लिए नगर आयुक्त द्वारा अनेक नगर पार्षदगण को धमकाना व दबाव बनाने एवं कुछ पार्षदों के नगर आयुक्त के दबाव एवं आतंक से भयभीत होकर क्लीन चीट देने की शिकायत प्रधानमंत्री से भी किए जाने पर कार्रवाई हुई है।

महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि वार्ड 32 की पार्षद जोहरा खातून के पुत्र एजाज हुसैन ने इससे संबंधित आवेदन भेज कर बेतिया नगर निगम में व्याप्त अराजकता और करोड़ों के भ्रष्टाचार में कार्रवाई तो दूर 29 नगर पार्षदों की लिखित शिकायत के बाद अब तक सही से जांच भी नहीं हो पाने के मामले में अब पीएमओ ने जिला प्रशासन को कार्रवाई का आदेश दिया है।

महापौर ने बताया कि प्रधानमंत्री सचिवालय के निर्देश के आलोक में जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कोर्ट ने परिवाद दर्ज करने के साथ परिवादी पक्षकार को नोटिस जारी कर आरोपों के साक्ष्य के साथ स्वयं उपस्थित होकर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है । श्रीमती सिकारिया ने बताया 29 नगर पार्षद गण की लिखित शिकायत के आधार पर आरोपों पर न्यायिक विचारण की कार्रवाई अब शुरू की गई है।

महापौर ने बताया कि नगर निगम के माननीय 29 पार्षदगण के साथ वे स्वयं भी नगर निगम के लाखों जनता जनार्दन को न्याय दिलाने के लगातार प्रयासरत रहीं हूं। बावजूद इसके जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के स्तर से कार्रवाई शुरू होने के बाद मुझे भी न्याय की उम्मीद जगी है।

# धुवां उगलना शुरू कर दिया मझौलिया चीनी मिल



चाणक्य भूमि, मझौलिया

**» बॉयलर पूजा में उमड़ी भीड़**
**» किसानों को पाई- पाई का गन्ना भुगतान पेड ,यूनिट हेड**

**मझौलिया**। शुगर इंडस्ट्रीज मझौलिया में नये सत्र संचालन को लेकर बॉयलर पूजा किया गया।यजमान के रूप में शुगर इंडस्ट्रीज के महाप्रवंधक इंजीनियरिंग ने पूरे मनोयोग के साथ पूजा अर्चना की।उन्होंने बताया कि सीजन में।मिल के संचालन में कोई मशीनरी गड़बड़ी नही होगी।रिपेयरिंग एंड मैन्टेननेस का काम बड़ी बारीकी से की गयी है।आचार्य पंडित चुनचुन पांडेय के वैदिक मंत्रोच्चार से पूरा चीनी मिल परिसर गुंजायमान रहा।मौके पर उपस्थित यूनिट हेड डॉ. जयप्रकाश त्रिपाठी ने कहा कि नये सत्र संचालन के लिये पूरी तैयारी कर ली गयी है।निर्धारित समय सीमा पर गन्ना की पेराई शुरू हो जायेगी।एक प्रश्न के उत्तर में श्री त्रिपाठी ने बताया कि बिगत वर्ष का गन्ना का पाई पाई का भुगतान किसानों के खातों में भेज दी गयी है।हवन और आरती में चीनी मिल कर्मियों की भीड़ जुटी।सबो ने बॉयलर नंबर 09,10 और 11 में अग्नि प्रवेश किया।अग्नि प्रवेश के समय खूब जयकारा लगा।मौके बॉयलर इंजीनियर हरिमोहन सिंह, वरीय मैनेजर इंस्ट्रूमेंट के के ठाकुर,कृष्णा कुमार, डिस्टिलरी इंजीनियर जितेंद्र कुमार यादव इंजीनियर बॉयलर अटेंडेंट सतीश कुमार सिंह, संपत शर्मा, शम्भू राम, विकास यादव प्रमोद श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

# गंडक नदी के तट पर विश्व कल्याणार्थ सीताराम यज्ञ के लिये हुआ भूमि पूजन

चाणक्य भूमि,ठकराहाँ



कलश यात्रा में उमड़ी भीड़

**» भूमि पूजन शोभायात्रा में हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालु**

ठकराहां में आयोजित विश्व कल्याणार्थ सीताराम महायज्ञ में विजयादशमी के दिन नारायणी नदी (गंडक नदी) के पावन तट पर महायज्ञ स्थल की भूमि पूजन किया गया। इस हेतु नारायणी नदी की तट पर प्रवास कर ठकराहा की श्रीरामजानकी मंदिर पर 68 दिनों से अखंड सीता राम संकीर्तन

जाप करा रहे अयोध्या से पधारे श्री श्री 108 श्री सीताराम महाराज उर्फ नेपाली बाबा व महायज्ञ समिति की सफल नेतृत्व व सानिध्य में गंडक नदी की पावन तट पर भव्य शोभा यात्रा संग पहुंच कर भूमि पूजन किया गया। अखंड श्रीसीताराम जाप स्थल श्रीराम जानकी मंदिर ठकराहा से भव्य शोभा यात्रा गाजे बाजे के साथ नारायणी नदी की पावन तट पर पहुंचा,जहां श्री श्री 108 श्री सीताराम महाराज उर्फ नेपाली बाबा, पंडित अमर चौबे, पिंटू मिश्रा सुधाकर मिश्र उत्सव द्वारा महायज्ञ स्थल की भूमि पूजन संपन्न कराया गया। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष बीरेन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र तिवारी ने बताया कि जन सहयोग व महायज्ञ प्रेमियों के सहयोग से विश्व आयोजित चतुर्मास महायज्ञ की शोभायात्रा में इक्यावन हज़ार से ज्यादा श्रध्दालु महिला पुरुष बच्चे,बूढ़े भक्त भूमि पूजन में शामिल रहे। भक्ति की अलख पूरे ठकरहा प्रखड में देखने को मिला। हर जगह सीता राम सीता राम की धुन सुनाई पड़ रही हैं। विश्व कल्याण की कामना हेतू इस तरह का आयोजन कार्यक्रम आयोजित होना भक्ति भावना को जागृत किया है।

**भक्ति में शराबोर हुआ ठकराहां प्रखंडः श्री सीताराम महायज्ञ**

क्या आप ठाकरहां में हैं ? तो धन्य मानिये आप अयोध्या जैसी भक्तिमय वातावरण का अनुभूति कर रहे होंगे।

प्रखंड के हर चौक चौराहे पर सीताराम संकीर्तन की आवाज़ आवाज आपको अपनी ओर आकर्षित करती दिख जाएगी। प्रखंड के सुप्रसिद्ध श्री राम जानकी मंदिर पर विश्व कल्याण हेतू श्री सीताराम

महायज्ञ जो विगत 68 दिनों से पूरे प्रखंड को भक्तिमय वातावरण उत्पन्न कर आम लोगों के हृदय में भगवान राम और माता सीता के प्रति श्रद्धा उत्पन्न कर विश्व के कल्याण के लिए महायज्ञ समिति के सहयोग से सफल संचालन किया जा रहा है।

# विजयादशमी को बखरिया में जागरण कलाकारों ने मचाया धमाल

**» पूर्व सरपंच ने समारोह का किया उदघाटन**

चाणक्य भूमि ,मझौलिया



ज्ञान मंच का उदघाटन करते पूर्व सरपंच

**मझौलिया**। बखरिया माई स्थान के पास विजयादशमी की रात जागरण कलाकारों ने खूब धमाल मचाया। ज्ञान मंच समारोह का उद्धघाटन पूर्व सरपंच मनोज पटेल ,पुजा सीमित के अध्यक्ष ब्रजेश मिश्रा तथा एसआई अमित कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया । आगत अतिथियों को अंग वस्त्र प्रदानकर सम्मानित किया गया। यहां का भव्य पंडाल और आदम कद प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बना रहा।पूर्व सरपंच मनोज पटेल ने मंच से दर्शको को शांति बनाए रखने का आहवान किया। समारोह के सफल संचालन में मुखिया पति एकबाली राम, निक्कु पटेल , विकेश पांडेय,अभय कुमार,अजय प्रसाद, गुड्डू मिश्र,अलोक मिश्र, प्रमोद यादव,नगीना यादव , दीनदयाल पटेल, सुनील पटेल, छबीला यादव ,आदि का उल्लेखनीय भूमिका रही ।

# कलश विसर्जन में दो पक्षों में मारपीट,एक घायल

चाणक्य भूमि, मझौलिया

**» मझौलिया पुलिस ने एक हमलावर को किया गिरफ्तार**

**मझौलिया**।शनिवार की संध्या सरिसवा रोड में महेशरा पुल के पास कलश विसर्जन के बाद वापस लौटने के क्रम में दो पक्ष के युवक आपस मे भिड़ गये, नतीजतन दोनो पक्षों में जम कर मारपीट हुई जिसमें दोनों पक्षों के आधा दर्जन युवक जख्मी हुए। मारपीट में सरिसवा निवासी वीरेंद्र कुमार को शरारती युवकों ने चाकू मार घायल कर दिया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को जीएमसीएच बेतिया में भर्ती कराया, जहां वह खतरा से बाहर बताया गया है।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि चाकू मारने वालो में एक बुलेट पटेल पिता गोबरी पटेल थाना गोपालपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु छापेमारी जारी है।उन्होंने अफवाओं पर ध्यान नहीं देंने की अपील की है और विधि व्यवस्था संधारण में सहयोग करने का अनुरोध किया है।एसएचओ के मुताबिक स्थिति शांतिपूर्ण नियंत्रण में है।इस घटना में शामिल शरारती युवको को चिन्हित कर पुलिस छापेमारी कर रही है।बताया गया है कि सरिसवा के तेलियापटी में परंपरा के मुताबिक नौ दुर्गा का पूजन किया गया था।प्रतिमा की स्थापना नही हुई थी।यहां स्थापित माता के कलशा का विसर्जन कर लोग सिकरहना नदी के महेसड़ा घाट से लौट रहे थे।

## भारत/नेपाल बॉर्डर पर सशस्त्र सीमा बल ने पिकअप भरे लहसुन को किया जब्त




चाणक्य भूमि पिपरौन/जयनगर

बॉर्डर पर तैनात 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने दिनांक 11/10/2024 दिन शुक्रवार को भारत/नेपाल सीमा चौकी पिपरौन के जवानों के द्वारा गस्त ड्यूटी के दौरान सीमा स्तम्भ संख्या 284/7 से लगभग ढाई किलोमीटर की दूरी पर भारतीय क्षेत्र में की गई कार्यवाही के दौरान एक बोलेरो पिकअप में रखा हुआ 225 किलोग्राम बिना सीमा शुल्क के लहसुन से भरी गाड़ी सहित जब्त किया गया है।

इस प्रतिबंधित लहसुन को नेपाल से भारत लाया गया था, आगे बता दें कि तस्करों ने एसएसबी के जवानों को गश्ती करते हुए दूर से देख लिया था, तभी लहसुन भरे गाड़ी सहित को छोड़कर नेपाल की तरफ भागने में सफल हो गए। आगे बता दे जब्त की गई प्रतिबंधित लहसुन और बरामद बोलोरो गाड़ी को अग्रिम कारवाई हेतु सीमा शुल्क कार्यालय पीपरौंन के हवाले कर दिया गया है।

## तीन घंटे के अंदर अपहरण की घटना का उदभेदन कर अपहृत को किया बरामद




चाणक्य भूमि

रविवार को गायत्री देवी द्वारा अपने पुत्र के अपहरण की शिकायत शिकारपुर थाना में की गई। अपने आवेदन में पीड़िता ने कहा कि उनके पुत्र आदित्य मेहता का अपहरण अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा कर लिया गया है तथा उसको छोड़ने के एवज में 10 लाख रुपए की मांग की गई है । सूचना के उपरांत पुलिस अधीक्षक महोदय, पश्चिम चंपारण बेतिया द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नरकटियागंज के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर तकनीकी अनुसंधान के आधार पर घटना की सूचना प्राप्त होने के तीन घंटे के अंदर अपहृत को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम - चरगाहा में छापेमारी कर सकुशल बरामद किया गया तथा कांड में संलिप्त दो अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक द्वारा भी घटना स्थल पर पहुंच कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है।

# बैरिया में तस्कर के घर से शराब बरामद



चाणक्य भूमि बेतिया

रविवार को बैरिया के मलाही टोला में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारकर 11 पेटी विदेशी शराब को बरामद किया। बैरिया थानाध्यक्ष ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि मलाही टोला में आलोक यादव के घर के पीछे खर-पतवार एवं बसवारी में शराब छुपा कर रखा गया है।

इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु बैरिया थाना की टीम उक्त स्थान पर पहुंच कर तलाशी ली। इस क्रम मे कुल 11 पेटी विदेशी शराब बरामद हुई जिसकी कुल मात्रा 96.480 लिटर पाया गया। अभियुक्तो का सत्यापन कर छापेमारी की जा रही है। बरामद शराब को विधिवत जप्त कर अग्रतर विधिक कार्रवाई की जा रही है। और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

